# उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या में **उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) की छठी बटालियन स्थापित किये जाने का निर्णय** लिया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- यूपीएसएसएफ का **गठन सितंबर 2020 में** प्रदेश के कोर्ट, प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिये किया गया था।
- परिणामस्वरूप **जून 2021 में यूपीएसएसएफ की पाँच बटालियन गठित** की गई थीं, जिनमें **लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा व सहारनपुर की बटालियन** शामिल हैं। **यूपीएसएसएफ की प्रथम बटालियन लखनऊ में मेट्रो की सुरक्षा में तैनात** है।
- सरकार द्वारा इन सभी बटालियन की स्थापना के लिये पीएसी कमांडेंट को यूपीएसएसएफ के कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।
- **अयोध्या में छठी वाहिनी का गठन उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल नियमावली-2021 के तहत** किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-special-security-force